AUGUST 2022

# RAINBOW SATHI
# रेनबो साथी







## Wings of Success

HAVE ACHIEVED BEFORE AND WILL ACHIEVE MORE

## कामयाबी के पंख

पहले भी कर दिखाया है, आगे भी कर दिखाएंगे











RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

# TEAM Work

Year 6, Issue 24
August 2022


EDITOR IN CHIEF
BHASHA SINGH

## ADVISIORY BOARD

T.M. KRISHNA
GEETA RAMASWAMY
K. LALITHA,
K. ANURADHA

## EDITORIAL BOARD


CHANDA (DELHI)



M SRAVANTHI (HYDERABAD)



AMITA KUMARI (PATNA)



MADHUMITA, (KOLKATA)


AMBIKA, DEEPTI BEZWADA WILSON


## CHILD JOURNALIST


AMBIKA KALE, PUNE



PREETI KUMARI, RANCHI


ANIKET LOHRA, RANCHI



SUMMI MUNIR, DELHI



DEEPAK AMAN, DELHI



DEVI.S PRASAD, HYDERABAD



K.LAVANYA, HYDERABAD



TAPITEJ, HYDERABAD


KIRUTHIKA S, CHENNAI



CHAMPA, PATNA



SHYAM, PATNA



V.DURGAPRASAD, HYDERABAD



DURGA SHETTI, PUNE



RUPAL ORAON, RANCHI



DUBRAJ MALAR, RANCHI



LAXMI , BANGALORE



VENISSA NIYOLA D'SOUZA, BANGALLORE


SABINA KHATUN, KOLKATA


SUTAPA DOLUI, KOLKATA


AAKASH, PATNA


RUPALI TERESA DEY, KOLKATA


ARJUN H, CHENNAI


KOKILAVANI M, CHENNAI

## CITIZEN JOURNALIST

ARTI SINGHASAN, DELHI
PRIYADHARSHINI, CHENNAI
MAUSAM KUMARI PATNA
AISHWARYA, BANGALLORE
AMAN KUMAR, HYDERABAD
CH.NIKITHA, HYDERABAD
SELVI M, CHENNAI
SANTHOSH, BANGALLORE

## SUPPORT TEAM

MANJULA TELAGADE BANGALORE
SABARITHA CHENNAI
SHREETANJALI DELHI
KRANTHI KIRAN & AHAROAN KANKANALA HYDERABAD & ANANTAPUR
RAJASHREE CHAKRABORTY KOLKATA
MADHURI MUMBAI
ANSHUL RAI PATNA
RUBANA & SARIKA PUNE
SHWETA KACHHAP RANCHI

Design: ROHIT KUMAR RAI





## Editor's Column

# हम बोलें दुनिया सुने...

**दोस्तो**

'हमसे है जमाना और जमाने से हम नहीं', यह हम अपनी उपलब्धियों से साबित कर रहे हैं। बहुत जरूरी है अपनी शक्ति को पहचानना। हमारे भीतर जो अनंत संभावनाएं छिपी हुई हैं, उन्हें जानना और उनके हिसाब से अपने लक्ष्य को चुनना ही सबसे जरूरी पहलू होता है। यहीं पर जरूरत होती है सही मार्गदर्शन की। अगर एक अच्छा-सच्चा गाइड मिल जाए तो किस्मत बदल जाती है। रेनबो साथी के इस अंक में हमने अपने इन्हीं अनुभवों को एक जगह जुटाया है, ताकि दुनिया के साथ-साथ खुद हम भी जाने कि हम क्या-क्या कर रहे हैं, किन उपलब्धियों को हासिल कर रहे हैं। और, इसके लिए हमें लगातार प्रेरणा कहां से मिल रही है।

जिस तरह से रेनबो होम्स की टीम ने दूरदृष्टि के साथ, बेहद संवेदनशील ढंग से हम बच्चों को तमाम तरह की चुनौतियों से लड़ने-भिड़ने के लिए तैयार किया, वह बेमिसाल है। अक्सर होता है कि जब भी कोई उपलब्धि, कोई पुरस्कार, अवार्ड-मेडल मिलता है तो सारा ध्यान इस बात पर रहता है कि किस बच्ची-बच्चे ने यह जीत हासिल की। किस तरह से मेडल या अवार्ड लेने की स्थिति में कोई बच्ची या बच्चा पहुंचा, इस पर बात बहुत कम होती है। जबकि इस पर सबका ध्यान ले जाना जरूरी है। इससे यह पता चलता है कि किस तरह से हर बच्ची-बच्चे के भीतर छिपी क्षमता को पहचाना जाता है, उसकी कमजोरियों और मजबूतियों को नापा जाता है और फिर उसकी रुचि के अनुसार अलग ढंग से ट्रेन किया जाता है। यह समतामूलक विचारधारा यानी सबको बराबर समझना और सबको बराबरी के अवसर मुहैया कराना को मानने वाले ही कर सकते हैं।

रेनबो होम्स की टीम के साथ मिलकर हमारे मार्गदर्शकों-शुभचिंतकों ने जो राह निकाली, उसका नतीजा ही हैं ये उपलब्धियां। एक और जरूरी बात, हर हाल में हमें लिखना है-आगे बढ़ना है, अपने दुख-पीड़ा को सफलता में बदलना है। यही हमारी ऊर्जा है। इस साल यानी 2022 का साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार मिला है फ्रांस की मशहूर लेखिका एनी एरनॉक्स को जिनकी उम्र है 82 साल। उनका जीवन और लेखिनी जबर्दस्त संघर्षों की दास्तान है। वह बताती हैं कि संघर्षों-दुखों को दस्तावेज बनाना बेहद जरूरी है। उनका एक कथन हम सबको राह दिखाता है-

दुख को बरकरार नहीं रखा जा सकता, उसे हास्य में ढाल लेना चाहिए।

है न जबरदस्त बात! हम रेनबो में अपने संघर्षों को जमा करते हैं और दुख-पीड़ा को आगे बढ़ने, हंसी-खुशी में तब्दील कर लेते हैं।

हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे !!!

## We speak, the world listens.

**Friends**

We are the ones who believe in carving out our own path, and we prove this through our accomplishments. It is very important to understand our own strength. There are millions of possibilities hidden inside us, finding them and creating our own journey and goals through those possibilities, becomes a very imperative aspect. This is where the significance of correct guidance comes into play. Finding an honest and helpful mentor can change one's whole life. In this edition of Rainbow Sathi, we have uncovered and collected our new experiences, so that we, along with the rest of the world, can explore how we have been developing into our own personalities and accomplishing our goals, and what has been our constant source of motivation.

It is astounding how with a lot of foresightedness and compassion, the team of Rainbow Home has prepared us to fight different challenges. Usually, whenever a child accomplishes something or wins a prize, it is the norm to talk more about the identity of the child rather than all the situations the child had to go through to reach that level. Through this we get to know how all the countless possibilities and talents hidden inside every child are discovered, their weaknesses and strengths are measured and they are trained in accordance to their interests. This can only be achieved through individuals who hold the belief of everyone being equal and deserving of equal opportunities.

These achievements are a result of Rainbow Home, along with the entire team of Rainbow Home and our well-wishers carving a beautiful journey for us. Another important thing, we have to read and write, we have to turn our sorrows and hardships into success. This is our primary motivation. This year, 2022, the Nobel Prize in Literature has been awarded to an 82-years old, famous writer from France, Annie Ernaux. Her life and her writings have been an impeccable story of hardships. They tell us how it is really important to turn our struggles and sorrows into documents. One line of hers shows light to many of us-

"Pain cannot be kept intact, it needs to be 'processed', converted into humour".

Isn't it amazing, how we, at Rainbow Home, convert our sorrows into the drive for moving forward and achieving happiness!

WE SHALL FIGHT. WE SHALL WIN!!!

Pune

# WISH TO START A DANCE ACADEMY





I am 13 years old from Shivaji Nagar Rainbow home. I came here to Rainbow Home when I was 7 years old. I had never been to school before that. My Father is a cook by profession, and he does not have any fixed job. He also drinks a lot. As a result, there always used to be tussle in the house. None of my siblings had also been to the school ealier. We never had a proper shelter for home. We used to sleep in the space behind the hotel where our father would work. I and my elder sister used to help him at the hotel. Still, we could hardly manage a single meal in the day. Since my parents were unable to provide us education, safety & security, we were admitted to Rainbow Home.

I came here along with my two sisters, one is older to me and another is younger. My dream of getting proper education came true only when I reached Rainbow Home. I could also pursue my hobbies of dancing and drawing. There is a provision of bridge courses for children without any elementary education. I learnt basic reading & writing skills through that bridge course. Then, I got admission to the regular school. Now I am studying in 7th standard. I passed with good marks in the last exam. I could achieve all these educational milestones only because of Rainbow Homes. It has played a big role in my personal progress. I have also joined dance classes here. I wish to start a dance academy & help needy children. I am sure that I will definitely be able to achieve my dream.

**Dipika Thapa,**
**13 years, Shivaji Nagar Rainbow Home, Pune**

# डांस एकेडमी शुरू करने का ख्वाब

मेरी उम्र 13 साल है। जब मैं 7 साल की थी तब मैं रेनबो होम में आई थी। उससे पहले मैं कभी स्कूल नहीं गई थी। मेरे पिता कुक हैं और उनकी कोई पक्की नौकरी नहीं है। वह बहुत शराब पीते हैं जिस कारण घर का हमेशा झगड़ा सा बना रहता है। मेरे भाई-बहनों में से भी कभी कोई स्कूल नहीं गया था। हमारे सिर पर कोई पक्की छत नहीं थी। पिता जिस होटल में काम करते थे, उसी के पीछे की तरफ हमारा बसेरा हो जाता था। मैं और मेरी बड़ी बहन होटल में पिता की मदद करते थे। इतने पर भी बमुश्किल एक वक्त ही पेट भर पाता था। चूंकि माता-पिता हमारी पढ़ाई व हिफाजत सुनिश्चित कर पाने की स्थिति में नहीं थे, इसलिए हमें रेनबो होम में भेज दिया गया।

मैं अपनी दो बहनों के साथ होम में आई, एक मुझसे बड़ी है और दूसरी छोटी। शिक्षा पाने का मेरा सपना रेनबो होम में आने के बाद ही साकार हुआ। मैं अब नृत्य और ड्राइंग के अपने शौक को भी पूरा कर सकती हूँ। जो बच्चे पहले स्कूल नहीं गए होते हैं, रेनबो होम उनके लिए ब्रिज कोर्स होता है। मैंने ब्रिज कोर्स से बेसिक पढ़ाई-लिखाई सीख ली और फिर मुझे स्कूल में दाखिला मिल गया। अब मैं 7वीं कक्षा में पढ़ रही हूँ। मैं पिछली परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास हुई थी। यह सब रेनबो होम की मदद से ही हो सका। मैंने अब डांस क्लास में भी दाखिला ले लिया है। मेरी इच्छा है कि मैं आगे जाकर जरूरतमंद बच्चों के लिए एक डांस एकेडमी खड़ी करूं। मुझे यकीन है कि मेरा यह सपना जरूर पूरा होगा

दीपिका थापा, ***13 साल, शिवाजी नगर रेनबो होम, पुणे***

# *Working hard to make* CHILDREN'S DREAMS COME TRUE

Most of the children from Rainbow Homes are economically underprivileged and orphans. At Rainbow Home, children are taught the art of living, manners and discipline with love, care, concern and affection. It is made sure that children learn this art of living joyfully so that they shouldn't feel the vacuum of the loss of their parents. The staff at the Rainbow Homes, (children call them Didi) take good care of them.

I have been working as a member of the Child Protection Committee member with Yerwada Rainbow Homes, Pune, for the last four years. I have worked with children from many government hostels. I had a wonderful and pleasant experience while working with the children from Rainbow Homes. As soon as I enter the home, the little ones come close and call me 'Didi' with a beautiful smile on their face. This wonderful experience gives me immense pleasure and happiness. It is wonderful to see the curiosity, happiness and beautiful smile on the faces of these children while conducting activities with them. I forget my age with these children and get along with them. Counselling children and helping them in the right way is my passion. I rejoice with the staff and the children of Rainbow Homes very intimately and with love. Rainbow Home is working hard so that these children can dream and achieve their dreams.

**Sulabha Kshirsagar,**
**Volunteer with Rainbow Homes Program Pune**

# बच्चों के सपने साकार करने की मेहनत



रेनबो होम्स के ज्यादातर बच्चे आर्थिक रूप से वंचित और अनाथ हैं। रेनबो होम में बच्चों को प्यार, व अपनत्व के साथ जीने की कला, अच्छी आदतें व अनुशासन सिखाया जाता है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि उनके जीवन में खुशी व सहजता रहे ताकी उन्हें अपनों की कमी व खालीपन महसूस न हो। रेनबो होम में स्टाफ के लोग—जिन्हें बच्चे दीदी कहते हैं—बच्चों की अच्छी देखभाल करते हैं।

मैं येरवदा रेनबो होम्स, पुणे में मैं पिछले चार वर्षों से बाल संरक्षण समिति के सदस्य के रूप में काम कर रही हूँ। मैंने सरकारी छात्रावास में कई बच्चों के साथ काम किया है। रेनबो होम्स के बच्चों के साथ काम करते हुए मेरा सुखद अनुभव रहा है। जैसे ही मैं होम में प्रवेश करती हूं, छोटे बच्चे करीब आ जाते हैं और चेहरे पर एक खूबसूरत मुस्कान के साथ मुझे 'दीदी' बोलते हैं । यह अनुभव मुझे अपार खुशी और असीम सुख देता है। इन बच्चों के साथ अलग-अलग गतिविधियां करते हुए उनके चेहरे पर मुस्कान, कौतूहल और सुन्दरता देखने का अहसास अनूठा है। इन बच्चों के साथ वक्त गुजारते हुए मैं अपनी उम्र भूल जाती हूँ । बच्चों की काउंसलिंग करना और उनकी सही तरीके से मदद करना मेरा जुनून है। रेनबो होम कड़ी मेहनत कर रहा है ताकि ये बच्चे सपने देख सकें और अपने सपनों को पूरा कर सकें।

सुलभा क्षीरसागर,
***रेनबो होम्स प्रोग्राम, पुणे***

Pune

KUMAR AWARDED AS THE MOST BRIGHT STUDENT IN THE SCHOOL

# WANT TO JOIN POLITICS FOR GOOD



I & my stepbrother, both of us are staying in the Rainbow Homes for the last 5 years. After death of my mother, my father remarried. I have three siblings from my stepmother. My stepmother used to behave rudely towards me. I would go with my parents for rag picking. My father is an addict, and he would spend all the money we earned on his addiction.

We were homeless with no shelter to stay, proper clothes to cover and food to eat. I was not going to any school. I used to beg on the footpaths to get food at least once a day. I would earn some money by selling plastic bottles & bags. Sleeping on the footpaths was a daily nightmare as there was always fear of accidents due to any rash or drunken driving. My father would ask me to bring cigarettes & alcohol for him every night. Life was worst outside on streets before I came to Sneh Ghar Rainbow Home.

My life has changed altogether since I came to Rainbow Home. I get love, care, & affection. Now, I go to school regularly. We get fresh & tasty food every day. All my educational needs are taken care of. I learnt some basic concepts of Marathi, Math & English with the help of a bridge course. Due to that I became eligible for regular schooling. I was selected for the State Board Scholarship Exam from my school & rewarded as the brightest student in the school. Extracurricular activities are also conducted at the Home. They help me in my overall development. I improved my speaking skills due to activities and events conducted at Home. I want to become a good speaker and a politician and I am sure that my dream will definitely come true.

**Kumar G. Ramu Govindan, 14 years, Rainbow Home, Pune**

# अच्छी राजनीति करना चाहता हूं

मैं और मेरा सौतेला भाई पिछले 5 वर्षों से रेनबो होम में हैं। मेरी मां की मौत के बाद पिता ने दूसरी शादी कर ली थी। मेरी सौतेली माँ से मेरे तीन भाई-बहन हैं। सौतेली मां का व्यवहार मेरे प्रति अच्छा नहीं था। मैं भी माता-पिता के साथ कचरा उठाने जाता था। पिता को नशे की लत है और वह सारा पैसा नशे में खर्च कर देते थे। हम बेघर थे, न सिर पर छत, न पहनने को कपड़े और न पेट भरने को खाना। स्कूल जाने की तो बात ही दूर की है। फुटपाथ पर भीख मांगकर किसी तरह खाने का जुगाड़ कर पाता था। मैं प्लास्टिक की बोतलें और बैग बेचकर दो-चार रुपये कमा लेता था। फुटपाथ पर सोना रोज डरावना होता था क्योंकि हमेशा डर लगा रहता था कि कहीं कोई तेज या नशे में गाड़ी चलाने वाला हमारे ऊपर गाड़ी न चढ़ा दे। पिता मुझसे हर रात अपने लिए सिगरेट और शराब मंगाते थे। स्नेह घर रेनबो होम में आने से मेरे लिए बाहर की जिंदगी बेहद बदतर थी।

रेनबो होम में आने के बाद से मेरी जिंदगी पूरी तरह से बदल गई। यहां प्यार व देखरेख मिली। अच्छा व स्वादिष्ट खाना मिलने लगा। मैं नियमित रूप से स्कूल भी जाने लगा। पढ़ाई की सभी जरूरतों का ख्याल यहां रखा जाता है। मैंने ब्रिज कोर्स की मदद से अंग्रेजी, मराठी व गणित की बुनियादी चीजें सीखीं। इसके बाद मैं एक नियमित स्कूल में भर्ती के काबिल बन गया। अभी मुझे स्कूल से राज्य बोर्ड छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए भी चुना गया और मुझे प्रतिभाशाली छात्र के रूप में सम्मानित किया गया। पढ़ाई के साथ-साथ रेनबो होम की बाकी गतिविधियां मेरे समग्र विकास में मदद देती हैं। यहां होने वाले तमाम कार्यक्रमों की बदौलत मैंने अपने बोलने की शैली में काफी सुधार किया। अब मैं एक अच्छा वक्ता और राजनीतिज्ञ बनना चाहता हूँ और मुझे यकीन है कि मेरा सपना पूरा होगा।

**कुमार जी. रामू गोविंदन, *14 साल, रेनबो होम, पुणे***

# WANT TO BECOME A SOFTWARE ENGINEER



I am studying in 9th standard. I came to Rainbow Home when I was 9 years old. I had never been to school before that. My father is paralysed and bed-ridden. Therefore, my mother married another man. I have a stepbrother who is also studying at Rainbow homes. My mother works as a sweeper. It was very difficult to stay with my step-father as he would use abusive language. So, I and my elder sister would stay with my grandmother. My mother was unable to fulfil our basic needs. Going to school daily was just like a dream at that time.

One day a Didi from Rainbow Home came to our area. She saw us. Then she gave us information about Rainbow Home. Thus, the doors of education were opened for me. My grandmother and uncle came to Rainbow Home and admitted me along with my two siblings to Rainbow Homes.

Once I came to Rainbow Home, I realised that it was completely different from the life I lived outside. On my first day I was welcomed with new clothes, slippers, a towel and a toothbrush which I never got before in my life. Now I got daily fresh and tasty meals 3 times a day, educational materials and most importantly, a lot of love and affection from all the Didis. I got respect as a girl. At Rainbow Home, all my physical, emotional, educational, and social needs are fulfilled. I completed my bridge course and enrolled at school according to my age. I go to school regularly, I attend classes for extracurricular activities such as dance, art and craft, yoga and Zumba. My life has completely changed. I got the first prize in storytelling and received a cash prize of Rs. 5 thousand. This year I was selected as the head girl of my school. After higher studies, I want to become a software engineer.

**Nimika Thapa, 15 years, Shivaji Nagar Rainbow Home, Pune**

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती हूं



मैं 9वीं कक्षा में पढ़ती हूँ। जब मैं 9 साल की थी तब इस रेनबो होम में आई थी और उससे पहले मैं कभी स्कूल नहीं गई थी। मेरे पिता लकवाग्रस्त है और वह बिस्तर पर हैं। मेरी माँ ने दूसरे आदमी से शादी कर ली थी। मेरा एक सौतेला भाई भी रेनबो होम में ही है। मेरी माँ झाड़ू लगाने का काम करती है। सौतेले पिता के साथ रहना बहुत मुश्किल था क्योंकि वह बहुत गाली-गलौज करते थे। तो मेरी बड़ी बहन और मैं अपनी दादी के साथ रहने लगे। मां के लिए हमारी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल था। स्कूल जाना तो उस समय एक सपने जैसा ही था।

एक दिन रेनबो होम की एक दीदी हमारे इलाके में आई और उन्होने हमें देखा। उन्होंने हमें रेनबो होम के बारे में जानकारी दी और इस तरह मेरे लिए शिक्षा के द्वार खुल गए। मेरी दादी और चाचा रेनबो होम में आए और मेरे दो अन्य भाई-बहनों को भी यहां भर्ती कराया। रेनबो होम में आते ही अहसास हुआ कि यह मेरे बाहर जीवन से बिल्कुल अलग है। पहले ही दिन, नए कपड़ों, चप्पलों की जोड़ी, एक तौलिया और एक टूथब्रश मिला जो मुझे अपने जीवन में पहले कभी नहीं मिला था। अब रेनबो होम में रोज़ तीन वक्त ताज़ा और स्वादिष्ट भोजन मिलता है। साथ में शैक्षणिक सामग्री और सबसे महत्वपूर्ण, सभी का ढेर सारा प्यार और दीदी का स्नेह।

रेनबो होम में मुझे एक लड़की के रूप में सम्मान मिला। यहां मेरी सभी शारीरिक, भावनात्मक, शैक्षिक और सामाजिक ज़रूरतें पूरी हो रही है। रेनबो होम में आने के बाद मैंने अपना ब्रिज कोर्स पूरा किया और मेरी उम्र के अनुसार स्कूल में दाखिला मिल गया। मैं नियमित रूप से स्कूल जाती हूं, बाकी गतिविधियों जैसे नृत्य, कला और शिल्प, योग व जुम्बा की क्लास में जाती हूँ। मेरा जीवन पूरी तरह से बदल गया है। मुझे कहानी सुनाने की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार और 5 हजार रुपये की नकद राशि मिली। इस साल मुझे अपने स्कूल की हेड गर्ल चुना गया है। आगे की पढ़ाई के बाद मैं एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती हूँ।

**निमिका थापा, *15 साल, शिवाजी नगर रेनबो होम पुणे***

**Hyderabad**

Aman Vedika Rainbow Home, Musheerabad, Hyderabad

# I AM A QUEEN, NOT A PAWN



"I will not be a pawn, I will not be played with" thought Jyothi pensively, when she started to depend on chess to cope up with the stress and changes in her life. "I will not be a king either, needing protection all the time and while others die for me", her thoughts continued as she was relating game of chess with game of life.

After death of her father due to alcoholism, her mother Rama was not able to provide education and proper food to Jyothi. To give her education and shelter she admitted Jyothi at Aman Vedika Rainbow Home in Musheerabad in the year 2017. Jyothi learned chess at child care Institute. She learned not just moving pieces, but how to win. Chess made her realize lot of things about her life and her family. She realized that, defences of her family are week against calamities. She realized that her family is playing to survive but not to win.

Kabeer, Talent mentoring coordinator at CCI, identified her talent in making strategies. By sheer chance Aman Vedika Rainbow Home employed Srunjay, a chess player, who immediately recognized innate talent of Jyothi and introduced her to advanced level game.

He introduced chess moves of superior quality to her, which she learned quickly. After the preliminary chess competition organised in Hyderabad, she got selected for National event. She was fortunate to receive support from NIRMAN organisation to appear for HCL & SFC National Sports Meet at Nagpur. She received silver medal in Under-14 category. Jyothi was felicitated by Dy. D.E.O and Headmaster of the Govt High school Musheerabad on 27th July 2022. Muta Gopal, local MLA, chaired the event.Younger girls from the Home looked to her, as she walked in with silver medal on her, with head held high as Queen.

# मैं एक रानी हूं, मोहरा नहीं





"मैं किसी और के खेल का मोहरा नहीं बनूंगी" ज्योति ने गंभीरता से सोचा, जब उसने अपने जीवन के तनावों और बदलावों का सामना करने के लिए शतरंज का सहारा लिया। "लेकिन मैं राजा भी नहीं बनूँगी, जिसे हर समय हिफाजत की जरूरत हो और जिसके लिए दूसरे लोग जान देते रहें", उसने आगे सोचा जब वह शतरंज को अपने जीवन से जोड़ने लगी।

शराब के कारण पिता की मौत के बाद, ज्योति की माँ रमा के लिए उसकी पढ़ाई व अच्छे खान-पान का इंतजाम करना नामुमकिन था। उसे पढ़ाई व आसरा देने के लिए मां ने ज्योति को साल 2017 में अमन वेदिका रेनबो होम मुशीराबाद में भर्ती कराया। ज्योति ने चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट में शतरंज सीखा। लेकिन उसने केवल बाजियां चलना नहीं बल्कि मात देना सीखा। शतरंज ने ही उसे अपने जीवन और परिवार के बारे में कई बातों का अहसास कराया। उसने महसूस किया कि मुश्किलों के दौर के लिए उसके परिवार के पास कोई हिफाजत नहीं है। उसे लगा कि उसका परिवार भी केवल खुद का गुजारा करने में ही जुटा है, बेहतर जिंदगी जीने की कोशिश में नहीं।

सीसीआई के टैलेंट मेंटरिंग कोऑर्डिनेटर कबीर ने रणनीतियां बनाने में ज्योति की प्रतिभा को पहचाना। संयोगवश अमन वेदिका रेनबो होम ने शतरंज खिलाड़ी सुरंजय को अपने यहां नियुक्त किया। उन्होंने तुरंत ही ज्योति की प्रतिभा को पहचाना और उसका परिचय खेल के ऊंचे स्तर से करवाया। उन्होंने ज्योति को शतरंज की मुश्किल चालें सिखाईं, जो उसने जल्दी सीख लीं।

हैदराबाद में शतरंज की शुरुआती प्रतियोगिताओं के बाद, ज्योति को राष्ट्रीय स्तर के मुकाबले के लिए चुना गया। ज्योति को निर्माण संगठन से मदद मिली और इसकी बदौलत उसने नागपुर में एचसीएल एंड एसएफसी नेशनल स्पोर्ट्स मीट में हिस्सा लिया। ज्योति ने अंडर-14 श्रेणी में सिल्वर मेडल जीता। इस उपलब्धि पर ज्योति को उप-जिला शिक्षा अधिकारी और मुशीराबाद के गर्वमेंट हाई स्कूल के हेडमास्टर ने 27 जुलाई 2022 को सम्मानित किया। स्थानीय विधायक मुता गोपाल भी इस मौके पर मौजूद थे। ज्योति को सबसे बधाई मिली। होम की छोटी बच्चियों के लिए उसकी उपलब्धि एक बड़ी प्रेरणा थी।




# 8 girls part of District champion cricket team

Eight girls from our Musheerabad Home were selected for a cricket team which became champion of a District level Cricket Competition conducted by HCL Foundation, in collaboration with NIRMAN Organization in June. They went on to play for nationals in Chennai on 9th June to and were Runners up.

Girls at Aman Vedika, Musheerabad are fortunate to have Govardhan sir, who is an NRI and a friend of Rainbow Homes as their cricket mentor. He has been visiting our home for many years now. Whenever he is in India, he comes to teach children basics of cricket. Besides, he also takes spoken English classes for smaller children.

The children feel greatly inspired by Govardhan sir and feel encouraged to improve in studies and also excel in sports, especially cricket. It is because of him that children developed interest in cricket and became cricket lovers and cricket players. With his support they got an opportunity to learn cricket and are able to participate in national level competitions.



# जिला चैंपियन क्रिकेट टीम में होम से 8 लड़कियां

मुशीराबाद होम की 8 लड़कियां उस क्रिकेट टीम में शामिल थी जिसने जून में एचसीएल फाउंडेशन द्वारा निर्माण संगठन के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और जिला चैंपियन बनी। इसके बाद वे 9 जून को राष्ट्रीय स्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए चेन्नई गईं और वहां भी रनर्स-अप रहीं।

अमन वेदिका मुशीराबाद की लड़कियां को सौभाग्यवश एक एनआरआई और रेनबो होम के मित्र गोवर्धन सर से क्रिकेट में मदद मिली है। वह कई सालों से हमारे होम आ रहे हैं। जब भी वह भारत आते हैं तो वह बच्चियों को क्रिकेट के गुर सिखाते हैं और साथ ही छोटे बच्चों को अंग्रेजी बोलना भी सिखाते हैं।

बच्चियां गोवर्धन सर से बहुत प्रेरित महसूस करती हैं और उन्हें अपना गुरु मानती हैं। उनसे ही प्रेरणा पाकर बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल, खासकर क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने में रुचि जगा पाए हैं। उनकी मदद से कई लड़कियों की क्रिकेट में रुचि हुई और कुछ अच्छी खिलाड़ी भी बन गईं। उनकी मदद से क्रिकेट सीखकर आगे प्रतियोगिताओं में खेलने का मौका भी कुछ को मिला है।

## Hyderabad

Aman Vedika Rainbow Home, Musheerabad, Hyderabad



Chess Champion

# G. Swathi

G. Swathi is studying in 10th class, from English Medium Government High School. She always had a desire to become a Chess Champion. Apart from another hobby, dancing, she was very much interested and focused in becoming a chess player. With continuous support and motivation from the Home team she was fortunate enough to participate in chess competitions at various levels, and won many medals too. Currently she holds top ranking in her category at the mandal level. She is 2nd ranked chess player in her category at District level and ranked 17th at state level.

# शतरंज चैंपियन जी स्वाति

जी· स्वाति अंग्रेजी माध्यम सरकारी हाई स्कूल से 10वीं कक्षा में पढ़ रही है। उसकी हमेशा से शतरंज चैंपियन बनने की इच्छा थी। डांस के अपने शौक के साथ-साथ उसने शतरंज खिलाड़ी बनने में रुचि दिखाई और ध्यान लगाया। होम टीम के निरंतर समर्थन से उसने कई स्तरों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और कई पदक भी जीते। इस समय उसे अपनी कैटेगरी में मंडल में पहली रैंकिंग हासिल है। जिले में उसकी दूसरी और राज्य स्तर पर उसकी 17वीं रैंकिंग है।

## Kolkata



Koyel Halder from Shanti Rani Rainbow Home, Kolkata is student of class-X (Madhyamik Candidate). In an essay competition she wrote an essay "MASTERDA SURYA SEN armoury raid in 1930 at Chittagong". She achieved 2nd position in the competition. In an event organised on 15th August 2022 at Shahid Surya Sen Bhavan, Jodhpur Park, she was awarded a cash prize of 300 Rs, a certificate and a book on Indian Freedom fighters.



शांति रानी रेनबो होम, कोलकाता की कोयल हलदर 10वीं में पढ़ती है। एक निबंध प्रतियोगिता में कोयल ने '''मास्टरदा सूर्य सेन के चटगांव में 1930 में हथियारखाने पर हमले'' के बारे में एक निबंध लिखा जिसपर उन्हें दूसरा स्थान मिला। फिर 15 अगस्त 2022 को शहीद सूर्य सेन भवन, जोधपुर पार्क में आयोजित एक समारोह में कोयल को इनाम के रूप में 300 रुपये नकद, एक सर्टीफिकेट और स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में एक किताब दी गई।



RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

# ESSAY WRITER BASANTHI



Basanthi, 10th class, English Medium, participated in an Inter School Essay writing competition on occasion of Independence Day conducted by the Medibavi Government High School. Out of total 42 children who initially participated, 8 girls got selected and Basanthi was one of them. The topic was, "Struggles of Gandhiji before Independence." Basanthi got 1st Prize and was felicitated by the School Authorities.

# निबंध लेखन में अव्वल बसंती

दसवीं क्लास में पढ़ने वाली बसंती ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेडिबावी राजकीय उच्च विद्यालय द्वारा आयोजित अंतर स्कूल निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। भाग लेने वाले कुल 42 बच्चों में से 8 लड़कियों को चुना गया और बसंती उनमें से एक थी। विषय था, "आजादी से पहले गांधी जी के संघर्ष।" बसंती ने इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता और उसे स्कूल अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।



# HARYANA GOVERNOR VISITS HOME

Bandaru Dattatreya, a well-known politician from Telangana and currently the Governor of Haryana Governor visited Musheerabad Govt. School and our Home along with his daughter Vijaya Lakshmi on 11th August on occasion of "Raksha Bandhan" and "Azadi ka Amrit Mahotsav." Saplings were planted in the premises of the school playground setting an example for children to plant trees and protect environment. Our children tied Rakhis prepared by them and offered him sweets. He spoke on importance of education and motivated the children to study and establish themselves in life and offered all possible help. Later dignitaries also distributed notebooks, sports equipment and other material to children. Supriya Naveen Goud, Corporator for Musheerabad area was also present.



# हरियाणा के राज्यपाल होम में आए

तेलंगाना के वरिष्ठ नेता और इन दिनों हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अपनी बेटी विजया लक्ष्मी के साथ 11 अगस्त को "रक्षा बंधन" व "आजादी का अमृत महोत्सव" के मौके पर मुशीराबाद सरकारी स्कूल और हमारे होम का दौरा किया। स्कूल के खेल मैदान के प्रांगण में पौधारोपण कर उन्होंने बच्चों को पेड़ लगाने और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने अपने हाथों से बनाई राखियां उन्हें बांधी। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर बात की और बच्चों को जीवन में खुद को स्थापित करने के लिए प्रेरित किया और इसके लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। बाद में उन्होंने बच्चों को नोटबुक और खेलकूद का सामान भी बांटा। मुशीराबाद क्षेत्र की पार्षद सुप्रिया नवीन गौड़ भी इस मौके पर मौजूद थीं।

## Hyderabad

AMAN VEDIKA SNEH GHAR, VIJAY NAGAR COLONY, HYDERABAD



### Awarded for academic excellence

It was very encouraging when the Vijay Nagar Colony Government High School authorities felicitated our two boys, total orphans- Arif and Khaja Pasha—who have been with us since their childhood—as they passed 10th class with good marks. On the occasion of Independence Day, after the flag hoisting, they were felicitated and also given a cash prize of Rs. 10,000/- each. They have promised to study and do well for themselves.

### पढ़ाई में अच्छे नतीजों पर अवार्ड

विजय नगर कॉलोनी गवर्नमेंट हाई स्कूल के अधिकारियों द्वारा हमारे होम के दो अनाथ लड़कों- आरिफ और खाजा पाशा को 10वीं कक्षा में अच्छे नंबर लाने पर सम्मानित किया गया। ये दोनों बचपन से ही हमारे साथ रह रहे है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के बाद उनका अभिनंदन किया गया और उन्हें रुपये 10,000/- प्रत्येक का नकद पुरस्कार भी दिया गया। उन्होंने आगे भी मेहनत से पढ़ाई करने और जीवन में कुछ कर दिखाने का वादा भी किया।

### Nagesh wins top prize in drawing

N. Nagesh Kumar from class 8th got 1st prize in drawing at Mandal level competition held on August 15th 2022. He said that he was very happy on receiving the prize and aspires to receive more prizes like this in future. Home team and school staff congratulated him for his win. Nagesh is very good in drawing and during club time he shows interest in drawing and sketching. Since he is very much interested in drawing, we plan to give him special and extra mentoring to learn and improve himself. He can then participate in many more competitions and win many more laurels.

### नागेश को ड्राइंग में अव्वल स्थान

कक्षा 8 में पढ़ने वाले एन नागेश कुमार को 15 अगस्त 2022 को आयोजित मंडल स्तरीय ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हासिल हुआ। उसे यह पुरस्कार पाकर बहुत खुशी हुई और उसने भविष्य में भी इस तरह के और पुरस्कार जीतने का संकल्प जाहिर किया। होम टीम और स्कूल स्टाफ ने नागेश को इसके लिए बधाई दी। नागेश ड्राइंग में बहुत अच्छा है। क्लब के समय में भी वह ड्राइंग और स्केचिंग में समय लगाता है। चूंकि उसकी ड्राइंग में बहुत ज्यादा रुचि है इसलिए हम उसे बारीकियां सिखाने और खुद को और सुधारने के लिए विशेष मदद देने की योजना बना रहे हैं। तब वह और भी कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर और ख्याति प्राप्त कर सकेगा।



### Budding Chess prodigies



G. Abhinav, 15 years, from class 8th got 1st prize in Mandal level chess competition in the age group of under-17 category. He has been playing chess from class 4th and he wants to learn more tricks in the game to move forward and to win more prizes. He was very happy on receiving the Gold Medal and was very thankful to the Home team, School teachers and the School Principal for encouraging him constantly.

Similarly, P. Chandhu, also from class 8th, got 1st prize in Mandal level Chess Competition in under-14 category. Chandu was very happy for receiving Gold Medal as 1st prize and wants to play at national level. Home team congratulated him for his winning and motivated him to play well in future and win more prizes and promised all possible support and coaching to improve his game.



### उभरती शतरंज प्रतिभाएं

जी. अभिनव, 15 वर्ष, कक्षा 8, ने मंडल स्तरीय अंडर-17 वर्ग के आयु वर्ग में शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वह चौथी कक्षा से शतरंज खेल रहा है और वह खेल में आगे बढ़ने और अधिक पुरस्का जीतने के लिए और तरकीबें सीखना चाहता है। मंडल स्तर पर प्रथम पुरस्कार के रूप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर उसे बहुत खुशी हुई।

इसी तरह कक्षा 8 में ही पढ़ने वाले पी. चंदू ने अंडर-14 वर्ग में मंडल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता। प्रथम पुरस्कार के रूप में स्वर्ण पदक पाकर चंदू बहुत खुश है और चाहता है की वह राष्ट्रीय स्तर पर खेले। होम टीम ने उसे खूब शुभकामनाएं दी और उसे अपनी प्रतिभा निखारने के लिए हरसंभव मदद व कोचिंग देने का वादा किया।

## Delhi

### EXPERT CRICKET COACHING



Mukesh Sir works as admin at Vijay Dhahiya Cricket Academy in Delhi for last 5 years. One day the children from Ummeed Home had gone for cricket practice. During that time he saw the children playing at the academy. He inquired about the children, then he came to know that they were from Ummeed Rainbow Home. Later, Mukesh sir visited Home and met Noor sir. He also inquired about our organization. In further visits, he inquired about the interests of the children and then selected some children and formed a cricket team. Mukesh Sir now gives free coaching to the children of Ummeed Home. He teaches children about temperament and techniques of playing cricket. Children are happy to have a proper cricket coaching for them.

### एक्सपर्ट क्रिकेट कोचिंग



मुकेश सर पिछले 5 साल से दिल्ली की विजय दाहिया क्रिकेट एकेडमी में एडमिन का काम देखते हैं। एक दिन उम्मीद होम के बच्चे प्रैक्टिस के लिए वहां क्रिकेट खेलने गए तो उनका ध्यान बच्चों की तरफ गया। उन्होंने पूछताछ की तब पता चला ही बच्चे उम्मीद रेनबो होम से है। उसके बाद मुकेश सर हमारे होम आए और नूर सर से मुलाकात की और हमारी संस्था के बारे में भी जानकारी ली। बाद में होम में आकर उन्होंने पहले तो सब बच्चों की रुचि जानी फिर कुछ बच्चों को चुनकर उनसे एक टीम तैयार की। अब मुकेश सर उम्मीद होम के बच्चों को मुफ्त कोचिंग देते हैं। वह बच्चों को क्रिकेट के खेल की बारीकियां और दिमागी मजबूती सिखाते हैं। बच्चों को एक एकसपर्ट से क्रिकेट कोचिंग मिलने पर बड़ी खुशी है।

## Hyderabad


Aashray Balatejassu Rainbow home



# रेनबो होम्स के सहयोग से पढ़ाई में अव्वल

Before coming to Rainbow Home, I was about to discontinue my education in VIII standard due to family problems. My mother is a daily wager and the only bread winner of the family. My father left us when we were small children. I have an elder sister Swastika and a younger brother who is studying 7th class. It was tough for my mother to take care of all of us. Then Aashray Balatejassu Rainbow Home supported me and my sister. Now my sister is studying at Satyabhama University in Chennai. I want to become a computer engineer. In the first counselling I secured a seat in DRK college at Borampet in Computers (Data Science).

I thank Rainbow Home for providing me such an outstanding support. I hope all the needy kids get this kind of support and become successful and lead a decent and dignified life.



मैं साल 2018 में 13 वर्ष की उम्र में आश्रय रेनबो होम में शामिल हुई थी, उस समय मैं 8वीं में पढ़ रही थी। मैंने इस साल इंटरमीडिएट परीक्षा (एमपीसी) में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उससे पहले एसएससी में मेरा सीजीपीए 10 रहा था। एसएससी तक तो मैं होम केयर (सीसीआई) के तहत थी। फिर मुझे सीबीसी प्रोग्राम के जरिए मदद दी जाने लगी। सीबीसीपी एक समुदाय आधारित देखभाल कार्यक्रम है जिसमें बच्चे को फिर से उसके परिवार के पास भेज दिया जाता है लेकिन उसे सारी मदद मिलती रहती है। अब मुझे रेनबो के फ्यूचर्स प्रोग्राम के जरिए सपोर्ट मिला रहा है और मैंने इस साल बोरमपेट में डीआरके कॉलेज में बी.टेक में प्रवेश पा लिया है।

पिछले दिनों अमन वेदिका विजयनगर कॉलोनी में आयोजित एक कार्यक्रम में लोकप्रिय फिल्म अभिनेता **दलकीर सलमान** आए थे। उन्होंने मेरी सराहना की और मुझे आगे पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। उनकी बातें सुनकर मैं अभिभूत थी। रेनबो होम्स के संस्थापकों में से एक अनुराधा मैडम ने भी मुझे शुभकामनाएं दीं। यह मेरे जीवन का न भूलने वाला क्षण था।

पारिवारिक मुश्किलों के कारण मैं अपनी पढ़ाई आठवीं कक्षा में ही छोड़ने वाली थी। मां दिहाड़ी पर काम करती हैं और घर का खर्च चलाने वाली वह अकेली हैं। जब हम छोटे बच्चे थे तब पिता हमें छोड़कर चले गए थे। मेरी एक बड़ी बहन स्वास्तिका और एक छोटा भाई है जो सातवीं कक्षा में पढ़ रहा है। मेरी माँ के लिए हमारी देखभाल करना बहुत मुश्किल था। तब संयोगवश आश्रय बालातेजस्सू रेनबो होम ने मेरा और मेरी बहन का साथ दिया। अब मेरी बहन सत्यभामा यूनिवर्सिटी, चेन्नई में पढ़ रही है। मैं कंप्यूटर इंजीनियर बनना चाहती हूँ। पहली काउंसलिंग में मुझे बोरमपेट स्थित डीआरके कॉलेज में कंप्यूटर -डाटा साइंस में सीट हासिल हो गई है।

मेरा इतना साथ देने के लिए मैं रेनबो होम्स की शुक्रगुज़ार हूं। मेरी उम्मीद है कि हर जरूरतमंद बच्चे को इसी तरह से मदद मिले ताकि व कामयाबी हासिल कर सके और एक सम्मानित जीवन बिता सके।

विनुकोंडा स्वप्रिका, 18 वर्ष, बी.टेक

## Delhi

# Preparing for the JEE



**Bhavna,**
**17 years, 11th, Kilkari Home, Delhi**

I came to Kilkari Home with my elder sister Neha and younger sister Amisha in 2017. Earlier, all three of us used to go to different places and work as child labour. Our father had died in 2015. There was no one to look after us. Then my sister went to the police and from there we were sent to Rainbow Home. I was a normal student when I joined Kilkari Home. I got admission in class VI. I was initially considered a weak student. Actually, my proper schooling had started only after I came to Kilkari Home. Suddenly going to school regularly and studying everything in English medium was bit difficult for me. But, I improved gradually. In 7th class, I was better and was selected in the list of 8 intelligent students in the whole class. That was a very happy moment for me.

I passed 7th class with 79% marks. I missed out on third place in class. I felt sad, but then I thought that I have to work hard in the coming year and improve my position. I secured second position in 8th class. Then, in 2022, I passed 10th class at first position with 91% marks. My school teachers and Home staff and friends were overjoyed for me. I appeared for Byju's scholarship exam at Home. Total 150 children appeared for it, and only I cleared the exam. I got 100% scholarship from Aakash Institute. Now I am preparing for JEE because I want to become an engineer.

# 100% स्कॉलरशिप के साथ जेईई की तैयारी

मैं अपनी बड़ी बहन नेहा और छोटी बहन अमिषा के साथ 2017 में किलकारी होम आई थी। इससे पहले हम तीनों अलग-अलग जगह जा कर मजदूरी का काम करते थे। 2015 में मेरे पिता की मौत हो गई थी। हमे देखने वाला कोई न था, तब मेरी बहन पुलिस के पास गई और फिर वहां से हम रेनबो होम भेज दिया गया। किलकारी होम में जब मैं आई तो एक औसत छात्र थी। मेरा एडमिशन छठी कक्षा में हुआ था। मुझे शुरू में क्लास में कमज़ोर छात्र समझा जाता था। हकीकत यह है कि मैंने तो रेनबो होम आने के बाद ही नियमित रूप से स्कूल जाना शुरू किया था। अब अचानक स्कूल रोज जाना और इंग्लिश मीडियम में सब कुछ पढ़ना मेरे लिए शुरू में काफी मुश्किल था। धीरे-धीरे मैंने खुद को सुधारा। जब मैं 7वीं कक्षा में आई तो मैं पढ़ाई में ठीक हो गई थी और तब मुझे क्लास में 8 होशियार बच्चों लिस्ट में चुना गया था। वह मेरे लिए बहुत ख़ुशी का पल था।



मैंने 7वीं कक्षा में 79 फीसदी अंक हासिल किए थे। लेकिन मैं क्लास में तीसरे स्थान पर आने से चूक गई थी। मुझे उस समय तो बहुत बुरा लगा था, लेकिन तब मैंने सोचा कि अगले साल ज्यादा मेहनत करके अपनी पोजीशन को सुधारना है। 8वीं कक्षा में मैंने क्लास में दूसरी पोजीशन हासिल की थी। अब 2022 में मैंने 10वीं में 91% नंबरों के साथ क्लास में पहला स्थान हासिल किया। मेरे स्कूल टीचर्स और होम स्टाफ और दोस्तों को मेरे नतीजे से बहुत ख़ुशी हुई। मैंने होम में बाईजूस की स्कॉलरशिप का एग्जाम दिया था जिसमें 150 बच्चो में से सिर्फ मैंने एग्जाम पास किया। मुझे आकाश इंस्टीट्यूट की तरफ से भी 100% स्कॉलरशिप मिली है। अब में जेईई की तैयारी कर रही हूँ क्योंकि मुझे इंजीनियर बनना है।

भावना,
17 साल, 11वीं, किलकारी होम, दिल्ली

# Dulquer Salman


## VISITS HOME



*We were very happy and delighted to welcome one of the star heroes in Malayalam and Telugu film industry, Dulquer Salman. Children from Aman Vedika, Vijayanagar colony and all network homes interacted with him and learnt about his life journey. He also motivated children with his words. Children told him that they loved his performances in the films like Charlie, Mahanati etc.*

*Dulquer saw the art and craft work done by children and appreciated the creative outcomes. Children welcomed him with the handmade greeting cards and wished him best of luck for his upcoming film "SEETHA RAMAM". He then had conversation with Rainbow home team regarding homes.*









## दलकीर सलमान ने की बच्चों से मुलाकात

*मलयालम और तेलुगू फिल्मों के स्टार कलाकारों में से एक दलकीर सलमान ने रेनबो होम आकर बच्चों से मुलाकात की। अमन वेदिका, विजयनगर कॉलोनी और बाकी होम के बच्चों के साथ उन्होंने वक्त गुजारा, बातचीत की। बच्चों ने उनके अब तक के जीवन सफर के बारे में जाना और दलकीर ने भी अपनी बातों से बच्चों को प्रेरित करने की कोशिश की। बच्चों ने चार्ली, महानती जैसी फिल्मों में यादगार भूमिकाओं के लिए उनकी सराहना की।*

*उन्होंने होम के बच्चों द्वारा किए गए आर्ट एंड क्राफ्ट के काम को देखा और उनकी क्रिएटिविटी की सराहना की। बच्चो ने अपने हाथों बनाए ग्रीटिंग काड्र्स के साथ उनका स्वागत किया और उन्हें उनकी आने वाली फिल्म "सीता राम" के लिए शुभकामनाएं दीं। बाद में उन्होंने रेनबो होम टीम के साथ होम्स के कामकाज संबंध में बातचीत की।*



*Dulquer Salmaan is the younger son of well known Malayalam actor Mammootty. He is an actor, singer and producer. Besides Malayalam, he has done many films in Telugu as well as Hindi. He has become a promising actor in just about a decade of his acting career. He is also attached to many social causes.*













*दलकीर सलमान जाने-माने मलयालम अभिनेता ममूटी के छोटे बेटे हैं। दलकीर एक अच्छे अभिनेता, गायक और फिल्म निर्माता भी हैं। मलयालम के अलावा उन्होंने तेलुगू व हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। अभी तक करीब दस साल के अभिनय कैरियर में उन्होंने लोगों पर अच्छी छाप छोड़ी है। वह कई सामाजिक कार्यों से भी जुड़े हैं।*

Hyderabad

Aashray Balatejassu Rainbow home



**Nikitha Chouhan**
22 years

# Journey From Getting Care To Advising Care

At this juncture in life, I am able to envision a clear picture of my future as a medical professional. I never thought I will reach up to here, rather I never thought I could continue even my studies. I stopped my studies in 5th class itself, due to severe financial troubles that crept into our life. Misfortune and worst possible disturbances between parents wrecked our family financially and socially. Parents separated. Then in 2012, I got admitted to Aashray Balatejassu Rainbow Home. I was 12 years old and a 5th grade drop out. So, Aashray provided me a lateral bridge course for 6 months and got me admitted to 6th class. I kept on studying well. I scored 9.3 CGPA in 2017 SSC examination and 945 marks in 2019 Intermediate examinations. Then I scored 9.24 SGPA in 2022 B.Sc from AV college.

Now, after 10 years, I have been elected as secretary for 'Care Leavers Association' of Telangana. Care Leavers Association is the first ever such association formed in India, with support from WDCW (Women Development and Child Welfare} and UNICEF. We will be the pioneers in this work, we will design and remain involved in strategic planning of the program. This will also work as helpline for young adults who come out of the CCIs and face issues while integrating in the society.





Currently I am perusing MSc Genetics from NIMS University in Jaipur, Rajasthan. Aashray Rainbow home is supporting my studies under Rainbow Futures program which supports Young Adults above 18 years. Support is in various categories like Living support, Education support, travel expenses, personal expenses etc depending on individual requirement to withstand ourselves.

I am fortunate and happy to turn my life with support from Aashray Balatejassu Rainbow Home. I hope the same support continues, until I am on my feet.

# केयर हासिल करने से लेकर केयर की सलाह देने तक का सफर

जीवन में इस मोड़ पर मैं एक मेडिकल प्रोफेशनल के तौर पर अपने भविष्य का रास्ता बेहद साफ तरीके से देख सकती हूं। मैंने जीवन में इतना आगे पहुंचने की बात तो बहुत दूर की है, पढ़ भी पाऊंगी, यह तक नहीं सोचा था। गंभीर आर्थिक परेशानियों के कारण मेरी पढ़ाई तो 5वीं के बाद ही छूट गई थी। मुश्किलों के बीच मेरे माता-पिता में तनाव के कारण हमारे आर्थि व सामाजिक हालात खराब हो गए। आखिरकार मेरे माता पिता अलग हो गए थे। किस्मत से साल 2012 में मुझे आश्रय बालातेजस्सू रेनबो होम में भर्ती कराया गया। उस समय मैं 12 साल की थी और पांचवी भी पूरी नहीं कर पाई थी। तब आश्रय ने मुझे 6 महीने के लिए एक लेटरल फाउंडेशन ब्रिज कोर्स करवाया और और मुझे छठी कक्षा में प्रवेश दिलवा दिया। उसके बाद की मेरी पढ़ाई अच्छी रही। एसएससी में 2017 में मुझे 9.3 सीजीपीए हासिल हुआ, 2019 में इंटर की परीक्षा में मैंने 945 अंक हासिल किए और एवी कॉलेज से 2022 में बीएससी में मेरा एसजीपीए 9.24 रहा।

रेनबो होम पहली बार आने के 10 साल बाद अब इस साल मुझे 'केयर लीवर्स एसोसिएशन' की तेलंगाना शाखा का सचिव चुना गया है। संस्थागत केयर से बाहर आने वाले लोगों की भारत की यह इस तरह की पहली एसोसिएशन है जो महिला विकास व बाल कल्याण (डब्लूडीसीडब्लू) और यूनिसेफ के साथ मिलकर काम करती है। हम इस अभियान में अग्रणी होंगे और, हम ही इस कार्यक्रम की आगे की रूपरेखा तैयार करेंगे। यह एसोसिएशन उन युवाओं के लिए हेल्पलाइन का भी काम करेगी जो बाल कल्याण संस्थाओं (सीसीआई) की देखरेख से बाहर आए ही हैं और जिन्हें बाहर समाज के साथ तालमेल बनाने में दिक्कत महसूस हो रही है।




इस समय मैं राजस्थान के जयपुर में एनआईएमएस विश्वविद्यालय में एमएससी जेनेटिक्स कर रही हूं। रेनबो होम के फ्यूचर्स प्रोग्राम के तहत मुझे पूरी मदद मिल रही है। फ्यूचर्स प्रोग्राम 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को उनकी अपनी-अपनी जरूरतों के अनुसार जीवनयापन मदद, शिक्षा मदद, यात्रा खर्च, व्यक्तिगत खर्च आदि उपलब्ध कराता है ।

मुझे अपने जीवन में बदलाव लाने के लिए रेनबो होम से मदद मिलने पर बहुत खुशी है और मुझे उम्मीद है कि मेरे अपने पैरों पर खड़े होने तक मुझे इसी तरह का सहयोग मिलता रहेगा।

निकिता चौहान, 22 साल

# Academic excellence through Rainbow support



**Vinukonda Swapnika**
18 years, B.Tech

I joined Aashray Rainbow home at the age of 13 years in 2018, when I was in 8th class. I scored 96.2 percentage in the Intermediate examination (MPC) and before that maximum 10 CGPA in SSC in 2020. Till I completed SSC I was under home care (CCI). Then I was supported through CBC program. CBCP is a Community Based Care Program where child is repatriated with the family and is supported for all essential needs through this program. Now I am supported through Future program of Rainbow Homes. I have secured a seat in B.Tech course from DRK college at Borampet.

In an event organised at Aman Vedika Vijayanagar colony, Dulquer Salman, a popular young actor of Telugu film industry appreciated and encouraged me for higher studies. I was overwhelmed by his kind gesture. Anuradha Madam, one of the founders of Rainbow Homes, also showered her blessings on me and motivated for future endeavours. It was an unforgettable moment for me.

# Karate kids of Patna





# कराटे में उस्ताद

मैं होम में 6 साल से रह हूँ। जब मैं यहाँ आई थी तो मुझे कुछ नहीं आता था। यहां आने के बाद मैंने पढ़ाई के लिए बहुत मेहनत की। पढ़ाई के साथ-साथ यहाँ अलग-अलग गतिविधियां भी होती थीं। कराटे भी सिखाया जाता था। हमारे कराटे टीचर 2018 से हमारी संस्था से जुड़े। मैं कराटे पसंद करने लगी। आज 4 साल हो चुके हैं। सर के आने से पहले हमें कुछ नहीं आता था, लेकिन पहली ही क्लास में सर ने हमें कराटे की बेसिक बातें सिखाईं। मैं सर के वर्ग में आगे रहती थी। सर अभ्यास कराते थे तो शुरू में परेशानी होती थी, फिर भी मैं करती थी। सर भी हमें मोटिवेट करते थे। शुरू में बेसिक पंच, ब्लॉक, किक, आदि के बारे में बताया गया। जब थोड़ा अभ्यास हो गया तो सर ने बेल्ट टेस्ट लिया जिसमें मैं कामयाब रही। मुझे ब्लू बेल्ट मिल गई।

मैं कराटे क्लास में बहुत आगे रहती थी। जल्दी सीख लेती थी। फिर मेरा सीनियर बेल्ट टेस्ट हुआ, उसमे भी मैं कामयाब रही। जब मैं कराटे बहुत अच्छा करने लगी तो होम में सेलेक्शन ट्रायल हुए जिसमें मैं सबसे आगे रही। सर ने हमें मुकाबलों की तैयारी कराई। मुझे चेन्नई एक प्रतियोगिता में जाने के लिए चुना गया। वहां से मैं सिल्वर जीतकर लौटी। उसके बाद एक अन्य प्रतियोगिता के लिए मेरा सेलेक्शन पुडुचेरी जाने के लिए हुआ। वहां भी मैंने सिल्वर मेडल जीता। मैं बहुत हार्ड टेक्निक करने लगी तो सर मुझे कराटे के साथ-साथ काता भी सिखाने लगे। फिर मुझे स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिला और वहां मैंने गोल्ड मेडल जीता। यह सिलसिला चलता रहा, बहुत सारे मुकाबलों में भाग लिया और मेडल जीते। आज मैं इस लायक हो गई हूं कि दूसरों का कराटे सिखा सकूं। मैं ऐसे ही पढाई के साथ-साथ कराटे में बेहतर स्थान प्राप्त करने की कोशिश करती रहूंगी।

**आशा कुमारी,** ***11वीं, घरौंदा विकासार्थ रेनबो होम, पटना***

# Mastering the karate

I am at home for last six years. I knew nothing when I came here. Once I was here, I worked hard for studies. There were many activities alongside studies. Karate was also taught. A karate teacher joined out Home in 2018. I got interest in karate. It has been four years now. I knew nothing about this sport earlier. Sir gave us some basics initially. It was tough in the beginning, still I tried. Sir also motivated us. After initial training, when we had learned aa few things, sir took our belt test. I passed the test and was awarded a Blue Belt. Sometime later, I passed the senior belt test as well.

As I grew strong in karate, I was put to selection trials. Sir prepared us for fights. I was selected for a competition at Chennai. I returned with a silver medal. Then again, I was selected for another event at Puducherry. I won the silver again. When I started learning hard techniques, sir started teaching me kata as well. I got a chance to participate in state championship and I won the gold medal. I kept participating and winning. Today, I have become capable of teaching karate to others. I will try my best to earn more laurels in karate along with studies.



**Asha Kumari,** **11th, Gharaunda Vikasarth Rainbow Home, Patna**







# संघर्ष के रास्ते पाया हुनर

अरुण कुमार अपने माता पिता के साथ टेस लाल वर्मा रोड, रूपसपुर नहर के किनारे झोपड़ी बनाकर रहते थे। अरुण के पिता मजदूरी करते और सारा पैसा शराब पीने में उड़ा देते थे। शराब पीने की लत में वह बच्चों के लालन-पालन की ज़िम्मेदारी भी भूल गए। अरुण के पाँच भाई-बहन हैं। अरुण घर मे रहकर कचरा बीनने का काम करता था और आसपास के बच्चों के साथ जुआ खेलता था। पढ़ाई वह बीच मे ही छोड़ चुका था। अरुण को 2014 में उमंग स्नेह घर लाया गया। होम में आने के बाद का अरुण बिलकुल अलग है। उसे 9 महीने का ब्रिज कोर्स कराके उसे क्लास 5 के लायक बनाया गया और उसका नामांकन उम्र के मुताबिक क्लास 5वीं में राजकीय मध्य विद्यालय कुम्हरार में कराया गया। अरुण पढ़ने में काफी अच्छा था। सभी क्लास अच्छे अंकों से पास करते गया। उसमे सभी बच्चों से अलग करने का जज़्बा था।

होम आने के बाद उसे बाकी गतिविधियों में भी रुचि आने लगी थी। जैसे, उसने पेंटिंग, कराटे, संगीत, हेडेन हाई से इंग्लिश स्पीकिंग और स्किल डेवलपमेंट कोर्स के साथ कंप्यूटर भी सीखा। साथ ही एनआईटी के द्वारा 6 महीने का कंप्यूटर कोर्स किया। एशियन कंपनी से वॉल पेंटिंग का कोर्स किया। पेंटिंग और स्पीच प्रतियोगिता में उसने फ़र्स्ट ओर सेकंड प्राइज़ प्राप्त किया। बाल श्रम दिवस के उपलक्ष्य मे यूनिसेफ़ के द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में भी अरुण ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अरुण को दूसरा स्थान मिला और उसे बिहार के उपमुख्यमंत्री के हाथों सम्मान मिला। अरुण ने कराटे की ट्रेनिंग भी होम से ली है। अरुण की हॉबी गायन और जिमनास्टिक्स में है। अभी अरुण बैंगलोर के वी लिव फाउंडेशन में नौकरी के साथ-साथ इग्नू यूनिवर्सिटी से बीबीए की पढ़ाई कर रहा है।



**अरुण कुमार,** ***उमंग स्नेह घर, पटना***

# Struggle brought the skills

Arun Kumar lived with his parents in a hut Tess Lal Verma Road along the Rooppaspur canal. Arun's father works as a laborer. He is addicted and used to spend all the money on drinking. In his addiction, he even forgot the responsibility of taking care of his children. Arun has five brothers and a sister. Arun used to work as a rag picker. Besides, he used to play gambling with the others. He dropped out of his school.

Arun was brought to Umang Sneh Ghar in 2014. And, his life turned as soon as he reached here. After coming home, he was given a bridge course of 9 months and then his enrollment was done according to his age in class 5th in Government Middle School, Kumharar. Arun was very good in studies. He passed all the classes in good marks. He had the urge to set himself apart from others. He started taking interest in other activities as well. Along with studies, Arun was interested in painting, karate and music. He did English speaking from Haden High and also learned computer course along with skill development. He did 6 months computer course from NIIT and a wall painting course from Asian. He won first and second prize in painting and speech competitions. On the occasion of Child Labor Day, UNICEF organised a painting competition with the theme- Every child should be in school. Arun won second prize and was awarded by the then Deputy Chief Minister of Bihar. Arun also took karate training with the help of Umang home. Arun loves singing and gymnastics. Now Arun is working at We Live Foundation based in Bangalore, alongside completing his BBA from IGNOU.

**Arun Kumar,** **Umang Sneh Ghar, Patna**

**Karate kids of Patna**

# कराटे के साथ-साथ पेंटिंग भी




रुखसार अपनी मां के साथ कचरा बीनने का काम करती थी। रुखसार के माता-पिता ने एक प्राथमिक विद्यालय में उसका नाम लिखवाया था लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उसे स्कूल से निकाल दिया गया। रुखसार फिर आंगनवाड़ी में कभी-कभी पढ़ने जाती थी क्योंकि वह पढ़ना चाहती थी। रुखसार फुटपाथ पर परिवार के साथ झोपड़ी में रहती थी। जाहिर है कि वह वहां सुरक्षित नहीं थी। उसके हालात को देखते हुए उसे रेनबो होम लाया गया। रुखसार बहुत पढ़ना चाहती है और पढ़ लिखकर कलक्टर बनना चाहती है।

जब से रुखसार रेनबो होम में आई है, वह हर गतिविधि में भाग लेती है। उसे कराटे का शौक है और उसमें इसे काबिलियत भी हासिल है। रुखसार पाटलिपुत्र में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर लाई थी। कुल मिलाकर कराटे में उसने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में 5 बार गोल्ड मेडल जीता है और 2 बार सिल्वर मेडल जीता है।

उसे कराटे के अलावा भी कई शौक हैं। किलकारी द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में रुखसार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जिसमें उसने रविन्द्रनाथ टैगोर पर पेंटिंग बनाई थी। इसके लिए उसे प्रमाण पत्र भी दिया गया। चिड़ियाघर में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। किलकारी द्वारा आयोजित एक अन्य ऑनलाइन प्रतियोगिता में रुखसार ने निबंध लिखा और दूसरा स्थान प्राप्त किया। रुखसार ने अपने स्कूल की तरफ से पर्यावरण प्रदूषण पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रुखसार प्रवीण, *कक्षा 8, ज्ञान विज्ञान रेनबो होम, पटना*




# KARATE champion and a painter too

Rukhsar used to do rag picking with her mother earlier. Her parents admitted to a primary school but because of financial problems she couldn't continue with her study. Then she would some times go to an Anganwadi center as, she wanted to study. She used to stay with her family on footpath. But it wasn't safe. Noticing that, she was brought to Rainbow Home. She wants to study and become an IAS officer.

After coming to Rainbow Home she started participating in all the activities. She loves karate and is good at it. In a karate competition organized at Pataliputra, she won gold medal. Overall, she has won five gold medals and two silver medals in Karate.

She is good at few other things as well. In a painting competition organized by Kilkari, she won second prize for her painting of Rabindranath Tagore. She won first prize in a painting competition on the issue of environmental pollution organised by her school. She won first prize in an essay competition held at Patna Zoo and second prize in an essay competition organized by Kilkari.

**Rukhsar Praveen,** Class 8, Gyan Vigyan Rainbow Home, Patna

---



# अमिता ने नेशनल लेवल पर जीता है गोल्ड मेडल

अमिता मार्शल आर्ट्स की शौकीन है और वह "ऑल इंडिया मवाते-का-शितो रयू कराटे" की नियमित छात्र है, जो कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया, जिला व राज्य कराटे एसोसिएशन, एशियाई कराटे फेडरेशन, दक्षिण एशिया कराटे-डो फेडरेशन से संबद्ध है और भारत सरकार के खेल व युवा मामलों के मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त है। अमिता के पास 2019 से कराटे में ब्लू बेल्ट है और अब वह रेड बेल्ट हासिल करने की ओर अग्रसर है।

अमिता 'मंकी स्पोर्ट्स' की क्लास में भी नियमित रूप से जाती है। मंकी स्पोर्ट्स दरअसल एक सामाजिक उद्यम है जिसमें खेलों का इस्तेमाल स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने और उनकी देखरेख सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। इसकी स्थापना 2018 में हुई थी और अब यह अपने दायरे का विस्तार करके खेलों के जरिये विकास के विभिन्न क्षेत्रों में काम करता है। इस समय यह 740 बच्चों के साथ काम कर रहा है जिनमें से 66 फीसदी लड़कियां हैं और 55 फीसदी अनुसूचित जाति व जनजाति से हैं।

अमिता ने दिसंबर 2014 में 29वीं राज्यस्तरीय अंतर-स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया था। फिर 2018 में 28-29 जुलाई को चेन्नई के जेजे इनडोर स्टेडियम में आयोजित 17वीं अखिल भारतीय मवाते-का-शितो कराटे प्रतियोगिता में उसने गोल्ड मेडल जीता।

अमिता, *15 वर्ष, कक्षा 7, खिलखिलाहट रेनबो होम, पटना*

# AMITA IS A GOLD
## MEDALIST AT NATIONAL LEVEL

Amita is fond of martial arts and is regular student of "All India Mawate – Ka – Shito Ryu Karate"- which is affiliated with Karate Association of India, District & State Karate Association, Asian Karate Federation, South Asian Karate – Do Federation, and is also recognized by Govt. of India (Ministry of Youth Affairs and Sports) as well as Indian Olympic Association. Amita now holds a blue belt since 2019 and is on her way to achieve a "RED BELT".

Amita regularly attends the classes of "Monkey Sports" as well. Monkey Sports is a social enterprise that is trying to use sports to promote quality education and wellbeing of children in schools. Established in 2018, Monkey Sports has grown in scope and scale and now works in different areas of Sports for Development. Monkey Sports currently works with more than 740 children out of which 66% are girls and more than 55% belong to schedule caste and tribe.

Amita got 2nd position in 29th State Level Inter school Taekwondo Competition in December 2014. She won gold medal in Karate at 17th All India Mawate – Ka – Shito Ryu Karate Championship, 2018 held at JJ Indoor Stadium, Play Ground Street, Kilpauk, Chennai on 28-29 July 2018.

**Amita,** 15 yrs, Class 7th, Kilkhilahat Aman Rainbow Home, Patna

# Photo Feature

At Rainbow Homes, children celebrate various important days and take part in different activities on special occasions with full enthusiasm.



Independence Day flavour in different Homes of Chennai.







Wall magazine dedicated to Teacher's Day at AMJ Home, Chennai.



Counselling time for children of NSN Home in Bangalore.






RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • ರೆಯಿನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • ரெயின்போ சாத்தி • ରେନ୍‌ବୋ ସାଥି • রেইনবো সাথী

# Photo Feature



Eye check-up of children at NJH Home in Bangalore.



Independence Day celebration at NSN Home in Bangalore



Parents meeting at Chennai ASP Home.

A street play by children of ASP Home in Chennai.



Computer classes for children of AKP Home in Chennai





**Soni**, 11th class from Khushi Rainbow Home, Delhi with her painting



Janmashtami celebration at Khushi Home in Delhi.

## Kolkata

Ria Kumari from Loreto Rainbow Home, Sealdah participated in the 44th Senior State Level Throwball Championship 2022, on 23rd and 24 th July 2022. She went to Berhampur at Maharani Kashiswari Girls' High School. Ria represented the Kolkata Team and her team won the 3rd position.



लॉरेटो रेनबो होम, सियालदह की रिया कुमारी ने 22 व 23 जुलाई 2022 को बरहमपुर के महारानी काशिशवाड़ी गर्ल्स हाई स्कूल में आयोजित 44वीं सीनियर राज्य स्तरीय थ्रोबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और कोलकाता की टीम का प्रतिनिधित्व किया। उनकी टीम को तीसरा स्थान हासिल हुआ।

Taniya and Koyel from Loreto Convent Entally, Rainbow Home participated in Inter school mock Parliament drama competition. There were two sides- government and opposition and there were debates on issues related to.environmental pollution, transport fare increase, daily food cost increase, safety and security of public. Taniya and Koyel represented the Lee Memorial Girls high school team, which won the event. They were awarded certificates and a trophy.



लॉरेटो कॉनवेंट एंटल्ली रेनबो होम की तानिया व कोयल ने अंतर-स्कूल पार्लियामेंट ड्रॉमा प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसमें दो पक्ष थे- सरकार व विपक्ष और दोनों के बीच पर्यावरण प्रदूषण, परिवहन किरायों में वृद्धि, खाने-पीने की चीजों के महंगे होने और लोगों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर बहस हुई। तानिया व कोयल ने ली मेमोरियल गर्ल्स हाई स्कूल की टीम का प्रतिनिधित्व किया और उसने प्रतियोगिता जीती। इसके लिए उनकी टीम को सर्टीफिकेट व ट्रॉफी प्रदान की गई।



## DELHI

# Budding Kabaddi Player





I love playing Kabaddi. Because of my interest, I was admitted to Delhi's Thyagaraj Stadium in April this year by the efforts of sisters of Home. I was enrolled for daily Kabaddi practice. I would go to the stadium early in the morning and came back to Home by 8:30. My day becomes very tiring. All the sisters and home mothers at Khushi home take great care of me. They give me one glass of milk daily before sleeping at night. A nutritious diet develops a new energy in me which helps me to concentrate on studies along with games. I have passed my 11th class and now I am in 12th. I love studies as well as games. This all has been achieved after passing through lot of turmoil. It all started in 2008, a year full of pain and sorrow for my family. There was a fire in our Basti, all our documents were burnt, there was nothing left to eat. In the aftermath me and my elder sister were brought to the Rainbow home by the workers of Khushi Rainbow Home. I was 3 years old then, but I had to stay away from my mother. All the members of the Home gave us a lot of love and full support. Now, my sister has already completed her 12th class, and she is in her final year of B.Com. Our stay and studies take care of by Rainbow Home, helped my mother a lot. Now we have a lovely rented house and we don't have to worry about going hungry even for a day.

**Salina,**
**16 years, Khushi Home, Delhi**

# उभरती कबड्डी खिलाड़ी

मुझे कबड्डी खेलना पसंद है। मेरी इस खेल में रुचि के कारण होम की सिस्टर्स की कोशिशों के बाद इस साल अप्रैल में मुझे दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में भेजा गया। मुझे रोज कबड्डी की प्रैक्टिस के लिए कहा गया। मैं अब रोज सवेरे जल्दी स्टेडियम जती हूं और साढ़े आठ बजे तक लौटती हूं। पूरी दिन बहुत थकाऊ हो जाता है। खुशी होम की सिस्टर्स और होम मदर्स मेरा बहुत ख्याल रखती हैं। रोज रात में सोने से पहले में एक गिलास दूध का मिलता है। पोषक खान-पान से मेरी ऊर्जा बनी रहती है और पढ़ाई व खेल में ध्यान लगता है।

मैंने 11वीं पास कर ली है और अब मैं 12वीं कक्षा में हूँ। बढ़ी मुश्किलों से गुजरने के बाद स्थिति यहां पहुंची है। इस सबकी शुरुआत 2008 में हुई थी जो मेरे परिवार के लिए बहित कष्ट और दुःख भरा साल था। हमारी बस्ती में आग लग गई थी सारे दस्तावेज़ जल गए, खाने तक को कुछ नहीं बचा था। तब ख़ुशी रेनबो होम की टीम मुझे और मेरी बड़ी बहन को होम में ले आई। उस वक़्त मैं सिर्फ 3 साल की थी और मुझे माँ से दूर रहना पड़ रहा था। लेकिन होम के सभी लोगों ने हमे बहुत प्यार दिया। मेरी बहन ने होम में रहते हुए 12वीं पास की और इस समय बी.कॉम के आखिरी साल में है। हमारी देखरेख व पढ़ाई का जिम्मा रेनबो होम के उठाने से हमारी मां को बहुत मदद मिली। अब हमारा किराये का एक प्यारा सा घर है और हमें एक वक्त भी भूखे पेट गुजारने की बात सोचनी भी नहीं पड़ती।

सलीना, 16 साल, ख़ुशी होम, दिल्ली

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

Chennai



# VASANTHI IS AN ASPIRING ATHLETE










**Vasanthi** a shining star. She joined Rainbow home when she was studying in 4th standard. In early years at Home she was very playful and it was tough to make her follow the Home routine. Then that attitude was channelized into serious sports participation. When she grew up, she started developing athletic skills. She had to face challenge from her own health, as she had wheezing issues. She is average in studies. English has been the toughest subject for her. Vasanthi cracked 10th, 11th and 12th grade exams.

Initially, after completing school education she didn't want to go to college. Then, care coordinator Lakshmi Priya played an important role in inspiring her to continue education. She motivated Vasanthi to get higher education. College studies also seemed very challenging to her in the beginning, but luckily she managed through lockdown years!

Athletics was her main aim and she started at the district level in Chennai, although she was a bit nervous because she had no prior practice to the sport. She participated in the competition by full heart and achieved 2nd position at the district level. Then she kept on moving gradually. After having a confident start, she put a step forward to get serious practice for the competitive levels. Practice and commitment brought her more wins. She was 1st in 100 metres in an event in Goa and again won the 100 metres sprint this year at State Sports and Cultural Events at Vijayamangalam in Erode. After joining college this year, she represented her Quide Millath College in Inter College Athletics meet and again won first prize in 100 metres sprint.

This year in August Vasanthi went to Pokhara in Nepal to participate in 6th Indo-Nepal International Games organized by School Sports and Cultural Activities Federation-India (SSCAF). She was the part of the India team which had 16 members from Tamil Nadu. She was winner in the 200 metres race in Senior Girls category. She needed financial support to participate in the event, therefore she utilised Savitribai Phule sponsorship amount to attend the competition. This was first time that she travelled by flight.

Competitions and travelling for competitions have been a learning experience for her. Since communicating in English had been a bit difficult for her, therefore her coach was there to support her always. She has made many friends, many of whom were really helpful in her growth. She also plays Cestoball and participated in 2nd South Zone National Cestoball Championship at Anantpuram this year and won 2nd prize.

Vasanthi talked to me very patiently and enthusiastically about her life so far. She asked me, why I was interviewing her, and I said that I was doing this for Rainbow Sathi magazine. She felt very happy to be part of a Rainbow Sathi story. Because of her achievements, Vasanthi is now student sports secretary in her college. She feels fortunate to be a Rainbow Home child. She is now planning to coach children at our Home. Alongside, she is now also practicing for marathon race.

Interview by:
**Selvi, Citizen Journalist, Chennai**

# उभरती एथलीट है वासंती

एक चमकता सितारा वासंती। जब वह रेनबो होम में शामिल हुई तो वह चौथी कक्षा में पढ़ रही थी। शुरुआती दिनों में वह काफी चंचल थी और उससे होम की दिनचर्या का पालन करवाना बड़ा मुश्किल काम था। जब वह बड़ी हुई तो उसकी चंचलता को खेलों के प्रति रुचि में ढाला गया। बड़ी हुई तो एथलेटिक्स में उसका रुझान बढ़ता गया। हालांकि से अपनी ही सेहत से चुनौती मिल रही थी क्योंकि उसे सांस की तकलीफ थी। वह पढ़ाई में औसत रही और अंग्रेजी उसके लिए सबसे कठिन विषय रहा है, लेकिन वासंती ने 10वीं, 11वीं और 12वीं की परीक्षाएं पार कर ही लीं।

स्कूली पढ़ाई के बाद वह कॉलेज नहीं जाना चाहती थी। फिर आफ्टर केयर कोऑर्डिनेटर लक्ष्मी प्रिया ने उसे इसके लिए राजी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वासंती को आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। कॉलेज की पढ़ाई भी उसे शुरू में तो बहुत चुनौतीपूर्ण लगी लेकिन किस्मत से लॉकडाउन की अवधि उसे पार कर ली।

एथलेटिक्स उसका मुख्य लक्ष्य था और उसने चेन्नई में जिला स्तर के मुकाबलों के साथ शुरुआत की। हालांकि शुरू में वह घबरा रही थी क्योंकि उसकी इस मुकाबले का कोई अभ्यास न था। उसने दिल लगाकर प्रतियोगिता में भाग लिया और जिला स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। विश्वसनीय शुरुआत के बाद उसने धीरे-धीरे आगे कदम बढ़ाए बड़े मुकाबलों के लिए अभ्यास करना शुरू किया। अभ्यास व संकल्प के नतीजे भी मिलने लगे। वह गोवा में एक मुकाबले में सौ मीटर दौड़ में पहले स्थान पर रही। इस साल इरोड के विजयमंगलम में उसने स्टेट स्पोर्ट्स व कल्चरल मीट में सौ मीटर दौड़ में फिर से पहला स्थान हासिल किया। कॉलेज में जाने के बाद उसने इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट में भी हिस्सा लिया और सौ मीटर की दौड़ फिर से जीत ली।

इस साल अगस्त में वासंती स्कूल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एक्टीविटीज फेडरेशन-इंडिया द्वारा आयोजित छठे भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रय खेलों में भाग लेने के लए नेपाल के पोखरा में गई। भारत की टीम में तमिलनाडु से वासंती को मिलाकर सोलह एथलीट थे। लासंती ने सीनियर लड़कियों की कैटेगरी में 200 मीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। उसे इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए वित्तीय मदद भी चाहिए थी। लिहाजा सब लोगों की सलाह के बाद उसने इसके लिए सावित्रीबाई फुले स्पॉंसरशिप की राशि का उपयोग किया। उसने इसके लिए पहली बार हवाई यात्रा भी की।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेना और आना-जाना उसे काफी सबक सिखाने वाले रहे हैं। चूंकि अंग्रेजी उसके लिए सुरू से ही मुश्किल रही है, लिहाजा उसके कोच संवाद में मदद करते हैं। उसके इस सफर में उसके कई अच्छे दोस्त भी बने जो वास्तव में उसके आगे बढ़ने में मददगार हैं। वासंती सेस्टोबॉल भी खेलती है और उसने इस साल अनंतपुरम में दूसरी साउथ जोन नेशनल सेस्टबॉल चैंपियनशिप में भी भाग लिया और दूसरा स्थान हासिल किया।

वसंती ने मेरे सभी सवालों का जवाब धैर्यपूर्वक और उत्साह से दिया। उसने जानना चाहा कि मैं उसका इंटरव्यू क्यों ले रही हूँ, तो मैने बताया कि मैं रेनबो साथी के लिए यह लिख रही हूं। वासंती को इस बात की खुशी थी कि रेनबो साथी में उसकी कहानी आएगी। अपनी उपलब्धियों के चलते अब वह अपने कॉलेज में खेल सचिव बनाई गई है। उसका मानना है कि उसकी किस्मत अच्छी थी जो वह रेनबो होम में आ गई। अब वह होम में बच्चों को कोचिंग देने की योजना बना रही है और साथ-साथ वह अब मैराथन के लिए अभ्यास कर रही है।

इंटरव्यू: सेल्वी, *सिटीजन जर्नलिस्ट, एएमजे होम, चेन्नई*



## Hyderbad

### Lavanya awarded for academic excellence

K. Lavanya passed 10th class during the academic year 2021-2022 from Government Girls high school in Lalapet. She has been awarded with an appreciation certificate and cash prize of Rs. 1000/- organized by Arigay Ramaswamy Memorial Trust for securing highest marks.



### लावण्या को पढ़ाई के लिए अवार्ड

के. लावण्या ने लालापेट सरकारी बालिका उच्च विद्यालय से 2021-22 में 10वीं उत्तीर्ण की। उच्चतम अंक हासिल करने के लिए उन्हें अरिगय रामास्वामी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा 1000 रुपये के नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

**ARUN Rainbow Home, Lalapet, Hyderbad**

### Sushmitha 2nd in chess

P. Susmitha from ARUN Rainbow Home, Lalapet and studying in 7th class at Lalapet Government High school had participated in chess competition organized By Department of school education. She won 2nd position at the district level and was awarded. This was a very proud moment for Arun Rainbow home. She was also felicitated during Azadi ka Amrit Mahotsav celebration.

### सुष्मिता को दूसरा स्थान

अरुण रेनबो होम लालापेट की पी. सुष्मिता लालापेट सरकारी हाई स्कूल में 7 वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही हैं। उसने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया और जिला स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। इसके लिए उसे सम्मानित किया गया।

## Celebrating 75 years of Independence





We celebrate 75 years of Independence. Government of Telangana had issued a circular of activities that Azadi ka Amrit Mahotsav or Swathantra Bharatha Vajrotsavalu shall be conduct in every government organizations, schools, colleges and in all departments of Govt etc. We celebrated 10 days program of Azadi ka Amrit Mahotsav within the premises of Rainbow Home. Children participated very enthusiastically in various cultural activities. We held singing competition of patriotic songs, drawing competition, story telling, and various games and sports. Sweets were distributed by the Deputy Mayor on this occasion. We had invited K. Mothe Srilatha Shoban Reddy, Deputy Mayor of Hyderabad city and various other dignitaries on the occasion. Jhansi from DWO office Interacted with children about their studies and distributed sweets to the children after cultural activities.

## आजादी के 75 वर्ष

हमने देश के स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ को धूमधाम से मनाया। तेलंगाना सरकार ने एक परिपत्र जारी करके सभी सरकारी संगठनों, स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी विभागों को आज़ादी का अमृत महोत्सव या स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवलु के आयोजन का निर्देश दिया था। हमने आज़ादी के अमृत महोत्सव का 10 दिवसीय कार्यक्रम मनाया, जिसमें बच्चो ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। देशभक्ति के गीतों की गायन प्रतियोगिता, ड्राइंग कम्पटीशन, कहानी सुनाना और कई तरह के खेलकूद आयोजित हुए। इस मौके पर उप महापौर ने मिठाई बांटी। अरुण रेनबो होम ने हैदराबाद की डिप्टी मेयर के. मोठे श्रीलता शोबन रेड्डी, और विभिन्न गणमान्य व्यक्ति को इस मौके पर आमंत्रित किया था। डीडब्ल्यूओ कार्यालय से सुश्री झांसी ने बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में बातचीत की और सांस्कृतिक गतिविधियों के बाद बच्चों को मिठाइयां बांटी।





## Prayer प्रार्थना ಪ್ರಾರ್ಥನೆ

God!
Thank you for this beautiful life as part of creation!

WE believe, we wish, to live in friendship and mutual respect with head held high, in courage and self confidence.

We believe, we wish that all human beings, whether men or women, live in equality, and in happiness, whatever their colour, caste, class, religion, region, language or abilities.

We believe that, we wish to strongly oppose divisive forces and ideologies that spread hatred and divide us and support democratic and non-violent actions for justice, humanity, truth and peace, taking injustice done to others as inflicted on us.

WE believe in, we wish to contribute our mite towards, the building of more humane and free world, in good health and joyful learning and spreading knowledge.

God!

We believe in, and wish to join our tiny hands with the multitude of the people in this ages-old divine journey of love.



**ईश्वर अल्लाह**
**हमारी ये दुआ है कि इस दुनिया में कोई भी बच्चा ना हो जिसे भोजन प्यार सुरक्षा और शिक्षा न मिले और यह भी प्रार्थना हैं कि हम अपने आस पास सबकी जिंदगी में खुशी की रोशनी भर दे।**



ಈಶ್ವರ ಅಲ್ಲಾ ಜೀಸಸ್
ನಿಮ್ಮಲ್ಲಿ ನಮ್ಮೆಲ್ಲರ ಪ್ರಾರ್ಥನೆ
ಈ ಜಗತ್ತಿನಲ್ಲಿ ಯಾವುದೇ ಮಗು
ಆಹಾರ ಪ್ರೀತಿ, ಸುರಕ್ಷತೆ ಮತ್ತು
ಶಿಕ್ಷಣದಿಂದ ವಂಚಿತರಾಗದಿರಲಿ
ಇದು ನಮ್ಮ ಪ್ರಾರ್ಥನೆ
ನಮ್ಮ ಹಾಗೂ ನಮ್ಮ ಸುತ್ತಮುತ್ತಲಿನ
ಎಲ್ಲರ ಜೀವನದಲ್ಲಿ ಸಂತೋಷ
ಹಾಗೂ ಪ್ರೀತಿಯನ್ನು ಕರುಣಿಸಿ.

# NEWSLETTER OF RAINBOW HOMES

(for private circulation only)




## OPEN HEARTS, OPEN GATES

Rainbow Homes Program - ARUN works with Rainbow Homes (For girls) and Sneh Ghar (For boys) to empower children formerly on the streets to reclaim their childhood by providing Comprehensive Care Food, Shelter, Health and Education.

Rainbow Homes EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.

**RAINBOW HOMES PROGRAM**

**Association for Rural and Urban Needy**

Rainbow Foundation India, National Secretariat, Vijaya Lakshmi Avenue
H.No.1-3-183/40/21/53, Flat no. 2 & 3, Road no. 5, P&T Colony, Gandhinagar, Hyderabad - 500080